हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 मार्च 2024, समय 1305 (5 मिनट))

भारत ने हैती से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन इंद्रावती शुरू किया है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि कल 12 भारतीयों को वहां से निकाला गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

....

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फरीदाबाद के सेंट जोसफ स्कूल की 11 वर्षीय छात्रा, कुमारी "राहदिखा" को समाज सेवा में अग्रिम पंक्ति की भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया है। राहदिखा को ये सम्मान उनके पिछले 6-7 वर्षों से किए गए सामाजिक कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर "राहदिखा" ने रक्षा मंत्री को "कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती" कविता भी सुनाई।

राहदिखा ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह ऐसे ही जरूरतमंद बच्चों के लिए कार्य करती रहेगी। राहदिखा को "राष्ट्रीय ईसाई महासंघ" द्वारा बच्चों के अधिकारों का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

....

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.□ र. कम्बोज ने कहा कि देश के उत्तरी क्षेत्र में लगातार गुलाबी सुंडी के बढ़ते प्रकोप के समाधान के लिए सामूहिक रूप से एकजुट होकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि किसान को □ र्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

श्री कम्बोज कल हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के कृषि क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिकों, अधिकारियों व निजी बीज कंपनियों के प्रतिनिधियों के लिए विश्वविद्यालय में □ योजित सेमिनार को मुख्यातिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। सेमिनार में कपास उगाने वाले 10 जिलों के किसान प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

कुलपति ने कहा कि पिछले वर्ष गुलाबी सुंडी का प्रकोप ज्यादा रहा था, जिसके नियंत्रण के लिए अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग किया गया जो चिंता का विषय है। इस कीट के नियंत्रण के लिए जैविक कीटनाशक एवं अन्य कीट प्रबंधन के उपायों को खोजना होगा तथा हितधारकों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे।

उन्होंने किसानों को नरमे की बन्छटियों को खेत में न रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि खेत में रखी हुई है तो बिजाई से पहले इन्हें अच्छे ढंग से झाडकऱ उसे दूसरे स्थान पर रख दें और इनके अधखिले टिण्डों एवं सूखे कचरे को नष्ट कर दें ताकि इन बन्छटियों से निकलने वाली गुलाबी सुंडियों को रोका जा सकें।

उन्होंने इसके अलावा विश्वविद्यालय द्वारा नरमे की अनुमोदित बी.टी. संकर किस्मों की बिजाई 15 मई तक पुरा करने तथा कीटनाशकों एवं फफूंदीनाशकों को मिलाकर छिडक़ाव न करने की सलाह भी दी।

....

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। इससे पहले पार्टी 267 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर चुकी है।

उधर कांग्रेस पार्टी ने भी लोकसभा चुनाव के लिए 57 उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

....

हरियाणा के विभिन्न जिलों में □ दर्श □ चार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकरियों द्वारा कई दिशा निर्देश जारी कियो गए हैं।

कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा है कि जिले में जनसभाओं एवं प्रचार के लिए हॉर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवई की जायेगी।

कैथल विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वज्ञचन अधिकारी ब्रहम्‍ प्रकाश ने बताया कि कैथल शहरी क्षेत्र में जाट स्कूल के मैदान राम लीला मैदान, सेक्टर 19 व 20 और मॉडल टाउन के सामुदायिक भवनों के परिसर सहित कई जगह जनसभा के लिए निर्धारित की गई हैं।

वहीं जींद के जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रज़ा और पलवल की जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर के प्रयोग संबंधी दिशा नेर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि चुनाव अवधि के दौरान लाउडस्पीकर के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं है लेकिन रात्रि 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे के बीच इसका उपयोग नहीं किया जा सकता। उन्होंने निर्वाचन आ योग के निर्देशानुसार सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों एवं पार्टी समर्थकों को चुनाव के प्रचार व प्रसार में लाउडस्पीकर के प्रयोग के लिए अनुमति लेने को कहा है। लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति संबंधित एसडीएम द्वारा प्रदान की जायेगी।

....

निर्वाचन आ योग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा आ म चुनाव के लिए पात्र व्यक्ति 25 अप्रैल तक नई वोट बनवाने के लिए आ वेदन कर सकते है। रोहतक के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कल यह जानकारी देते हुए जिलो के सभी नागरिकों से आ ह्वान किया है कि 18 वर्ष की आ यु पूर्ण कर चुके जिन युवाओं ने अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है वो निर्धारित अवधि तक नई वोट बनवाने के लिए आ वेदन अवश्य करें। हरियाणा में छठे चरण में होने वाले लोकसभा आ म चुनाव के लिए 29 अप्रैल से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी तथा 25 मई को मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अगर किसी मतदाता का नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से कट गया है तो वह नाम दर्ज करवाने के लिए तुरंत वोटर हैल्पलाइन एप या संबंधित बीएलओ के माध्यम से फार्म नंबर-6 भरकर नई वोट बनवाने के लिए आ वेदन कर सकता है। जिला प्रशासन की ओर से लोगों की सुविधा के लिए हैल्पलाईन नंबर-1950 भी जारी किया गया है।

....